अंतिम अवसर


कार्यालय
मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल भोपाल
गोमंतिका परिसर तृतीय तल, 12 दफ्तर रोड, जवाहर चौंक, भोपाल (म0प्र0)


पत्र क्रमांक 10,069 म.प्र.न.रजि. कौ./2023 भोपाल दिनांक 04/07/2023

आम –सूचना

समस्त मान्यता प्राप्त नर्सिंग शिक्षण संस्थाएं जिनके द्वारा सत्र 2022–23 के ऑनलाईन मान्यता आवेदन में माईग्रेशन नम्बर के आधार पर शिक्षण सकाय दर्शाये गये है, उक्त शिक्षण संकाय को नियमानुसार तीन कार्य दिवस के अन्दर परिषद् कार्यालय में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यालय के पत्र क्रमांक/म.प्र.न.रजि. कौ./23/6548 भोपाल दिनांक 27.04.2023, पत्र क्रमांक/म.प्र.न.रजि. कौ./23/8643 भोपाल दिनाक 07.06.2023 एवं पत्र क्रमांक/म.प्र.न.रजि. कौ./23/9523 भोपाल दिनांक 24.06.2023, के माध्यम से समस्त नर्सिंग संस्थाओं को निर्देशित किया गया था कि ऑनलाइन आवेदन में दर्शाये गये माईग्रेट शिक्षण संकाय सदस्यों के म.प्र. नर्सेस कौसिल में पंजीयन विवरण की छायाप्रति कौसिल कार्यालय में हार्ड एंवं सॉफ्ट कॉपी (रजिस्ट्रेशन शाखा ई–मेल madhyapradeshnrc20@gmail.com) जमा कराया जाना सुनिश्चित करें। अनके संस्थाओं द्वारा यह जानकारी दी गई है कि उनके द्वारा नवीन संकाय सदस्य को रख लिया गया है परन्तु संस्था द्वारा नवीन संकाय सदस्य का रजिस्ट्रेशन जमा नही किया गया है। अतः संबंधित नर्सिंग संस्थाओं को आदेशित किया जाता है कि तीन कार्य दिवस में संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा मध्यप्रदेश नर्सिंग शिक्षण मान्यता नियम 2018 एव संशोधित नियम के तहत नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जावेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संस्था स्वयं की होगी।

**(अध्यक्ष, नर्सेस कौसिंल द्वारा अनुमोदित)**

4/7/23

**प्रशासक**
**मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल**
**भोपाल, म0प्र0**